स्वाध्यायान्मा प्रमदः

**State Council of Educational Research and Training**
(An autonomous body under Department of Education, Govt. of NCT of Delhi)
Varun Marg, Defence Colony, New Delhi 110024
https://scert.delhi.gov.in

**फ़ाइल सं: 3(3)SKT/INSET/SCERT/2024-25**/202533 **दिनांक:** 02/07/24

**परिपत्र**

**विषय -दिल्ली में राज्य स्तर पर संस्कृत क्लब गतिविधि प्रतियोगिता का छात्र - छात्राओं हेतु आयोजन।**

संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कहा गया है कि भारतीय और क्षेत्रीय भाषाओं पर पर्याप्त ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षा प्रणाली में संस्कृत भाषा को मुख्यधारा में लाया जाएगा। स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों और उच्च शिक्षा में भी संस्कृत एक महत्वपूर्ण अनिवार्य विषय होगा। त्रिभाषा फॉर्मूले में विकल्प के तौर पर संस्कृत भाषा को सम्मिलित किया जाएगा । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुच्छेद 4.17 के अनुसार, संस्कृत के माध्यम से संस्कृत पढ़ाने (Sanskrit Through Sanskrit) के लिए, बुनियादी और मध्य विद्यालय स्तर पर सरल मानक संस्कृत (Simple Standard Sanskrit) में संस्कृत पाठ्यपुस्तकें विकसित करना आवश्यक है जो कक्षा में संस्कृतमय वातावरण बनाएगी।

कक्षाओं में संस्कृतमय वातावरण को बढ़ावा देने हेतु दिल्ली में राज्य स्तर पर संस्कृत क्लब गतिविधि प्रतियोगिता का छात्र - छात्राओं हेतु आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद , वरुण मार्ग , डिफेन्स कालोनी, नई दिल्ली -110024 द्वारा संभवतः नवंबर २०२४ में किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता का आयोजन न केवल छात्रों को प्रेरित करेगा अपितु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संस्कृत को छात्रों के बीच एक लोकप्रिय संचारी भाषा बनाएगा।

प्रतियोगिता के लिए निम्नलिखित पांच गतिविधियों का चयन किया जाएगा -

1. श्लोकोच्चारणम्
2. संस्कृतगीतगायनम्
3. चित्राधारितवर्णनम्
4. वाद -विवाद प्रतियोगिता
5. संस्कृत संभाषणम्

प्रत्येक जोन से चयनित एक छात्र / छात्रा प्रतियोगिता में निर्धारित प्रत्येक गतिविधि में भाग लेने हेतु आमंत्रित होगा/होगी । यह गतिविधि-वार पांच दिवसीय प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता का परिणाम प्रतिदिन अंत में घोषित किया जाएगा ।

**विद्यालयों से निवेदन है कि वे अपने विद्यालय में संस्कृत को बढ़ावा देने हेतु संस्कृत क्लब की गतिविधियों में भाग लेने के लिए अधिकाधिक छात्र - छात्राओं को अभिप्रेरित करें ।**

(डॉ. नाहर सिंह)
संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक)
एससीईआरटी, दिल्ली

**फ़ाइल सं:.** 3(3)SKT/INSET/SCERT/2024-25/2025-33 **दिनांक:** 02/07/24

प्रतिलिपि-:

1. शिक्षा सचिव/अध्यक्ष, एससीईआरटी के निजी सचिव।
2. निदेशक, शिक्षा निदेशालय के निजी सचिव।
3. निदेशक, एससीईआरटी के निजी सचिव।
4. निदेशक, नई दिल्ली नगर पालिका के निजी सचिव।
5. उप निदेशक, निजी स्कूल शाखा, शिक्षा निदेशालय के निजी सचिव।
6. सीईओ कैंटोनमेंट बोर्ड के निजी सचिव।
7. सभी उप निदेशक (जोन)
8. एमआईएस (आईटी को एमआईएस पर अपलोड करने हेतु)।
9. एससीईआरटी पोर्टल (वेबसाइट).
10. गार्ड फाइल

(डॉ. नाहर सिंह)
संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक)
एससीईआरटी, दिल्ली